निरोगी रखने की कामना कर लगाया शीतला माता को ठंडे व्यंजनों का भोग

दो साल बाद शील डूंगरी में भरा लक्खी मेला

जयपुर | चैत्र कृष्ण अष्टमी शुक्रवार को लोकपर्व शीतलाष्टमी (बास्योड़ा) श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। लाल चूंदड़ी पहन कर सजी-धजी महिलाओं ने सूर्योदय से पूर्व ही शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार को स्वस्थ और निरोगी रखने की कामना की।मंदिर में शीतला माता को शीतल जल से स्नान कराकर हल्दी से तिलक किया। इसके बाद रोटी,दही-राबड़ी, पुएं, दही-बड़े, पकौड़ी, बेसन की पपड़ी, कांजी बड़ा, शक्करपारा, मूंगथाल सहित अन्य ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया। उधर, चाकसू शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को लक्खी मेला भरा। गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से मेले में साहित्य स्टॉल लगाई गई।

उधर, नवविवाहित लड़कियों ने गणगौर पूजन के लिए कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर ईशर-गणगौर की प्रतिमा बनाकर उनका विधिवत पूजन शुरू किया। शाम को गणगौर पर्व की रंगत देखने को मिली। नेहरू गार्डन, रामनिवास बाग, जयनिवास बाग, जय निवास उद्यान, पौंड्रिक पार्क, सेंट्रल पार्क, कनक वृंदावन सहित अन्य पार्कों में मेले सा माहौल देखने को मिला।

जयपुर | जनता कॉलोनी में शुक्रवार को गणगौर उत्सव मनाया गया। कन्याएं व महिलाओं ने अखण्ड सौभाग्य एवं समृद्धि की कामना की। आस पड़ौस और घर परिवार की बड़ी उम्र की महिलाओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर रुचि, दीपिका, स्मीता, ममता, पारुल, पायल ने मिलकर गणगौर माता का उत्सव मनाया।

जयपुर | शीतलाष्टमी के पावन पर्व पर शीतला माता भक्त मंडली की ओर से प्रेम नगर झोटवाड़ा में स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के साथ सभी प्रेम नगर के निवासियों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतला माता का जागरण व किर्तण किया गया ।

आज का पंचांग

■ पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी शनिवार रात्रि 08:02 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2078, शाके 1944, हिजरी 1443, मुस्लिम माह सावान तारीख 22, सूर्य उत्तरायण, बसंत ऋतु, 26 मार्च।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र
पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दोपहर 02:47 तक रहेगा, इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। परिघ योग रात्रि 10:58 तक रहेगा, इसके बाद शिव योग रहेगा। तैतिल करण प्रातः 09:03 तक रहेगा, इसके बाद गर करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30)
सूर्य-मीन, चंद्र-धनु, मंगल-मकर, बुध-मीन, गुरु-कुंभ, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में स्थित है।

दिशाशूल : पूर्व दिशा
यदि जरूरी हो तो लौंग खाकर यात्रा कर सकते हैं।

चौघड़िया मुहूर्त
प्रातः 08:00 से 09:31 तक शुभ का चौघड़िया, दोपहर 12:33 से 02:04 तक चर का चौघड़िया, दोपहर 02:04 से 05:06 तक लाभ व अमृत का चौघड़िया रहेगा।

शुभाशुभ ज्ञानम्
भगवान आदिनाथ जयंती व तप कल्याणक दिवस जैन।

राहुकाल
प्रातः 09:00 से 10:30 तक रहेगा।

आज विशेष
आज लोहमयी शनि मूर्ति का कृष्णवर्ण के गंध व पुष्पादि से पूजन करके व्रत करें तो चतुर्थ, अष्टम, द्वादशभाव स्थित शनि जनित समस्त अरिष्टों की निवृत्ति होती है और सुख-संपत्ति आदि की प्राप्ति होती है। आज परिघ योग में जूतों का दान करना शुभ फलदायी होता है। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में जलदेवता की विधि-विधान से पूजा कर व्रत करें तो समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
06:29	पूर्वाषाढ़ा	3	ताम्र	धनु	फा
09:07	पूर्वाषाढ़ा	4	ताम्र	धनु	ढा
14:47	उत्तराषाढ़ा	1	ताम्र	धनु	भे
20:28	उत्तराषाढ़ा	2	ताम्र	मकर	भो
02:09	उत्तराषाढ़ा	3	ताम्र	मकर	ज

राशिफल

मेष : शुभ अंक...7 शुभ रंग...हरा
लेनदेन के मामले सुलझने के आसार हैं। सफलता के लिए कार्ययोजना में बदलाव जरूरी है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृष : शुभ अंक...3 शुभ रंग...काला
बीती बातों को याद करने से मन दुखी होगा। कर्जदारी से छुटकारा मिल सकता है। आपका मनमौजी रवैया मित्रों को अखर सकता है।

मिथुन : शुभ अंक...1 शुभ रंग...बैंगनी
भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। टालमटोल की बजाय काम पर ध्यान दें, सफलता मिलेगी। व्यापारिक साझेदारी लाभदायी हो सकती है।

कर्क : शुभ अंक...9 शुभ रंग...भूरा
भावनात्मक संबंधों में गतिरोध संभव है। नई योजनाओं पर ध्यान दें। अधिकारियों से मेलजोल लाभदायी रहेगा। उलझे मामले सुलझेंगे।

सिंह : शुभ अंक...1 शुभ रंग...गुलाबी
आप हार मानने की बजाय खामोशी से सही वक्त का इंतजार करेंगे। अटका धन मिलने के आसार हैं। सुख-सुविधा पर भारी खर्च संभव है।

कन्या : शुभ अंक...2 शुभ रंग...स्लेटी
वक्त पर सहयोग नहीं मिलने से खिन्नता हो सकती है। जल्दबाजी में लिए फैसले बदलने पड़ सकते हैं। कानूनी मामले सुलझ सकते हैं।

तुला : शुभ अंक...6 शुभ रंग...फिरोजी
बिखरी योजनाओं को समेटने में सफल रहेंगे। जिद में आकर गलत काम कर बैठेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहें, व्यर्थ टकराव बढ़ेगा।

वृश्चिक : शुभ अंक...7 शुभ रंग...नारंगी
मेहनत के बावजूद कारोबारी लाभ मिलना मुश्किल है। दुविधा की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। मांगलिक खर्च की संभावना है।

धनु : शुभ अंक...8 शुभ रंग...लाल
तीखी बातों से सहयोगी नाराज हो सकते हैं। अनुभवी लोगों का साथ तरक्की में सहायक रहेगा। बात को टालने से समस्या बढ़ सकती है।

मकर : शुभ अंक...2 शुभ रंग...पीला
विवादास्पद मामले सुलझेंगे। दिखावे के कारण कर्ज लेना पड़ सकता है। सहूलियत के हिसाब से कार्ययोजना में बदलाव कर सकते हैं।

कुंभ : शुभ अंक...5 शुभ रंग...हरा
वैभव के सामान पर खर्च करेंगे। पारिवारिक मामलों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर खुशी होगी।

मीन: शुभ अंक...4 शुभ रंग...सफेद
भौतिक संसाधनों पर खर्च संभव है। नए संपर्क कॅरिअर को नई गति देने में सफल रहेंगे। खानपान में लापरवाही से सेहत बिगड़ सकती है।

पहली बार तीन दिन में 100 से अधिक गायक व वादक देंगे प्रस्तुतियां

दो साल बाद उल्लास और उत्साह के साथ 82वें प्रेमभाया महोत्सव में बही भक्ति रसधारा

सोशल रिपोर्टर | जयपुर

दो साल बाद पूरे उत्साह और उल्लास के साथ ढूंढाड़ी विरासत का प्रतिक श्री प्रेमभाया महोत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। महोत्सव के तहत शुरू हुए सांस्कृतिक समारोह में पहले दिन देर रात तक गायकों और वादकों ने ढूंढाड़ी भक्ति रस की गंगा बही। तीन दिवसीय इस समारोह में पहली बार 100 से अधिक गायक व वादक श्री प्रेमभाया के दरबार में भक्तिरस की गंगा बहाएंगे।

युगल कुटीर जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर शुरू हुए इस 82वां श्री प्रेमभाया महोत्सव में श्री प्रेमभाया सरकार का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। रात 8 बजे भक्ति संगीत समारोह प्रारंभ हुआ। इसमें दीपक शर्मा ने मोहे अपने चरण की शरण दे, जय गणपति गणराज.... हिना सेन ने... कमल कान्त कौशिक ने आवो जी नट नागरिया बेगा सा आवो जी, म्हारी लाज बचावो जी...के साथ बूंदु खां, गोपाल सिंह राठौर, पूजा राठौर सहित अन्य भक्तों ने युगल सरकार की रचित रचनाओं से भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर पूरे जयलाल मुंशी के रास्ते में हर घर में जगमग रोशनी की गई।

समिति के मंत्री योगेश भटनागर ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को दिन में महिला मंडलों के भजनों में और रात 8 बजे से पूरी रात भक्ति संगीत में श्रद्धालु डूबकी लगाएंगे।

■ श्रीप्रेमभाया महोत्सव के लिए जयलाल मुंशी के रास्ते में हर घर पर रोशनी की गई है। रोशनी से नहाया पूरा रास्ता।

आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक उत्सव दिवस मनाया

जयपुर | जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर व वैदिक धर्म के दुसरे अवतार श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिवस मोतीडूंगरी दादाबाडी मे श्री जैन श्वे.मुर्तिपुजक युवक महासंघ की ओर से मनाया गया। कार्यक्रम में गुरूदेव अध्यात्म योगी महेन्द्र सागर महाराज व मनीष सागर महाराज आदि संत समुदाय का सानिध्य रहा। शुक्रवार के कार्यक्रम में उपमहापौर पुनीत करनावट, समाज सेवी ललित नाहटा व मालवा संध के अध्यक्ष बंसत श्रीमाल (ठाकुर) भी रिगनोद से पधारे। जैन समाज के सभी पधारे हुए अतिथियों को संरक्षक अनिल बैद, सुमित भंसाली ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन युवक महासंघ के अध्यक्ष नवीन कोठारी व महामंत्री विकास सुराणा ने किया।

अबकी बार रीट आपकी मुट्ठी में : कॉन्सेप्ट में निशुल्क सेमिनार कल

जयपुर | सुल्तान नगर, गुर्जर की थड़ी स्थित कॉन्सेप्ट शिक्षण संस्थान की ओर से रविवार को सुबह 9 से 1 बजे संस्थान प्रांगण में रीट (लेवल I व II) एवं शिक्षक ग्रेड-II आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सेमीनार के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। सेमीनार में हिस्सा लेने के लिए छात्रों ने बड़ी तादाद में रजिस्ट्रेशन कराए हैं। रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। संस्थान के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं का बदलता स्वरूप, प्रश्न पूछने का ढंग, उनका स्तर व नित्य नए प्रयोगों के साथ उसमें नए परिवर्तन किए जा रहे हैं। सेमिनार में अभ्यर्थी निशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए 9982089333 पर संपर्क कर सकते हैं।

शिखी शर्मा बनी शक्ति फाउंडेशन की ब्रांड आइकन

जयपुर | शक्ति फाउंडेशन की तरफ से जयपुर की ऑथर और बैंकर शिखी शर्मा को वर्ष 2022-23 का अपनी कंपनी का ब्रांड आइकॉन अम्बेसेडर नियुक्त किया है। शक्ति फाउंडेशन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने बताया कि शिखी ने हाल ही में "अनबीटेबल-सेलिब्रेटिंग लाइफ विद सेरेब्रल पाल्सी" पुस्तक लिखी है।

राजस्थान अस्पताल में शुरू हुई उत्तर भारत की पहली रोबोटिक एंजियोप्लास्टी

जयपुर | उत्तर भारत की पहली रोबोटिक एंजियोप्लास्टी का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राजस्थान अस्पताल जयपुर में किया। इस अवसर पर आरएचएल हार्ट सेंटर के चेयरमैन डॉ. रविन्द्र सिंह राव ने एक लाइव रोबोटिक एंजियोप्लास्टी की, जिसमें रोबोटिक इन्टरवेन्शन से एकदम सटीकता के साथ एक स्टेंट लगाया गया। लाइव रोबोटिक एंजियोप्लास्टी को राज्यपाल जगदीप धनखड़, आरयूएचएस के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी और पीजीआई चंडीगढ़, एम्स नई दिल्ली, सीएमसी वेल्लोर, एमएमएस, चेन्नई और जर्मनी सहित शीर्ष चिकित्सा संस्थानों के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञों ने देखा। इस अवसर पर राजस्थान अस्पताल के वाइसपेरसीडेंट डॉ. स्र्वेश अग्रवाल मौजूद रहे।

जिविया आईवीएफ ने डॉक्टर्स के लिए रखा सेमिनार, डॉ. भंडारी हुए सम्मानित

जयपुर | जिविया आईवीएफ, प्रमुख फर्टिलिटी और आईवीएफ अस्पताल की ओर से प्रमुख स्त्री विशेषज्ञों और डॉक्टरों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। अस्पताल की निदेशक डॉ. नयना पटेल ने ''प्रजनन तकनीक में प्रगति और बांझ दंपति के मूल्यांकन'' के बारे में बात की। पटेल ने पिछले 30 वर्षों में 18000 से अधिक जोड़ों को आईवीएफ की मदद से गर्भाधारण में सफलता प्रदान की है। जिविया आईवीएफ के निदेशक यश मंगल ने बताया कि, "जीविया आईवीएफ में हमारा मिशन उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखते हुए विश्व स्तरीय प्रजनन उपचार को सभी के लिए सुलभ बनाना है। सेमिनार में डॉ. नयना पटेल ने एसएमएस हॉस्पिटल के नियंत्रक और प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी को सम्मानित किया।

हनुमान जन्मोत्सव महाकुंभ की रूपरेखा तय

जयपुर | श्री हनुमान जन्मोत्सव महाकुम्भ-2022 का आयोजन 16 अप्रैल को विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव गुरुवानंद के सान्निध्य में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा व डॉ.एसपी यादव ने बताया कि 15 अप्रैल को 5100 महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के प्रमोद पालीवाल, डॉ.सुनील शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सरला बोथरा, पवन अग्रवाल, विष्णु गोयल, शांतिलाल, राजेश चौरड़िया, अरुण अग्रवाल एवं कन्हैया लाल आदि कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए है।

जयपुर बिजली व्यापार संघ के चुनाव संपन्न

जयपुर | जयपुर बिजली व्यापार संघ के तीन वर्षीय चुनाव वर्ष 2022 -25 गीता भवन आदर्श नगर में हुए। चुनाव अधिकारी एमएल शर्मा व डेनी मिश्रा रहे। मनीष गुलाटी (काकू) को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। वरिष्ठ संरक्षक चंदर सिंह दोसी, महामंत्री नंदकिशोर विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष नरेश ज्ञानानी, सह कोष्यायक्ष अंकुर खन्ना, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र (शंकर) वासवानी, सचिव वीरेन्द्र कटियार, सचिव सुनील जैन, संगठन मंत्री विष्णु दत्त शर्मा, सह संगठन मंत्री सुशील शर्मा, प्रचार मंत्री गुरमीत सिंह, सह प्रचार मंत्री जय कुमार जैन, सांस्कृतिक मंत्री राजा जगवानी, सह संस्कार्तिक मंत्री सौरभ विजयवर्गीय विजयवर्गीय को मनोनित किया गया।

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

आदेश 5 के नियम 1 और 5

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय चाकसू जिला जयपुर धापू देवी विरूद्ध नानगराम वाद बाबत घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा वाद सं. 75/2017

बनाम राकेश कुमार वर्मा पुत्र श्री भगवान सहाय वर्मा जाति रैगर स्थान निवासी नगर निगम रोड़, सांगानेर (जयपुर) ने आपके विरूद्ध के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 31.3.2022 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के सर्मथन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करतें हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उप संजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद 23.2.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

रीडर, न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, चाकसू

300 से अधिक युवाओं के साथ देखी कश्मीर फाइल्स

जयपुर | कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी द कश्मीर फाइल्स देश विदेश में तेजी से पसंद की जाने वाली फिल्म बन चुकी है। शुक्रवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता आशु सिंह सुरपुरा ने 300 से अधिक कार्यकर्ताओं व युवा साथियों के साथ यह फिल्म देखी। झोटवाड़ा स्थित ट्राइटन मॉल में इसके लिए पूरा सिनेमा हॉल बुक किया गया और युवाओं को यह फिल्म दिखाई गई।

सीएम से की मुलाकात

जयपुर | प्रादेशिक विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। प्रदेशाध्यक्ष भगवान राम फौजी व ज्ञानचंद शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा शिल्पकार बोर्ड के गठन व विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

रवि बने निर्विरोध अध्यक्ष



जयपुर | श्री ढहर का बालाजी व्यापार एसोसिएशन की बैठक में वर्ष 2022-2025 के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इसमें रवि जिंदल लगातार 13 वीं बार पुनः अध्यक्ष बने । सत्यनारायण शर्मा उपाध्यक्ष, बाबूलाल बागडा महामंत्री, दीपक कुमावत कोषाध्यक्ष, श्याम बिहारी गोयल संयुक्त सचिव, प्रमोद जिंदल प्रचार मंत्री, प्रेम सुख मोदी संगठन मंत्री, गोकुल खत्री कार्यालय मंत्री निर्वाचित हुए।

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एंव दूर संचार विभाग

निविदा सूचना दिनांकः 22.03.2022

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/ S&T/SIG/2021/18-B/R1 के लिये निर्धारित ई–निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं.**– Tender No. KOTA/ SNT/SIG/2021/18-B/R1 **कार्य का नाम**– नागदा–मथुरा सेक्शन – रिप्लेसमेन्ट ऑफ ऑल्ड एण्ड आउडलिव्ड सिगनलिंग गियर्स एट आईडेन्टिफाईड क्रिटिकल फॉर (4) स्टेशनस् विच आर ओवरड्यू फॉर रिप्लेसमेन्ट (GOH, DDV, JHW & TLZ) **कार्य की अनुमानित लागत**– **रू. 4,69,64,744.23, तारीख एवं समय**– दिनांक 14.04.2022 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा / बोलीदाताओं के पास कक्षा ।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा / बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी / सिगनल एवं वर्क्स
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

कार्यालय नगर पालिका महवा (दौसा) राज0

EMAIL-nagarpalikamahwa@gmail.com

क्रमांक- नपाम/2021-22/2993 दिनांक-25/3/2022

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत नगर पालिका महवा कार्यालय में 445 व्यक्तियों के आवेदन पट्टा प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किए गए है जिनकी सूची नगर पालिका नोटिस बोर्ड पर दिनांक 25.03.2022 को चस्पा कर दी गई है तथा भूमिशाखा में भी उपलब्ध है।

सर्वसाधारण उक्त सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति 7 दिवस की अवधि में मय साक्ष्य दिनांक 05.04.2022 तक भूमि शाखा नगर पालिका महवा में दर्ज करा सकेंगे। अवधि समाप्त होने पर आपत्तियों पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा और सम्बन्धित आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जायेगा।

सूचित रहे।

सलंग्न :- नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूची।

अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका महवा

AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)

REQUEST FOR PROPOSAL

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

1. Sant Tukaram Natyagruh Elevator Work.
2. Sant Tukaram Natyagruh Fire Fighting Works (2nd Call).
3. Sant Tukaram Natyagruh Interior and Civil Works.
4. Renovation of Vedant Nagar Community Center for Establishment of Light House Project, Aurangabad.
5. Electrical Works for Street Redevelopment of Cidco N5 Street, Near MGM.

Sr.No	Tender ID No.	Bid Due Date
1.	2022_ASCDC_784464_1	30/03/2022 by 4.00 PM
2.	2022_ASCDC_780125_2	30/03/2022 by 4.00 PM
3.	2022_ASCDC_784433_1	30/03/2022 by 4.00 PM
4.	2022_ASCDC_779137_2	30/03/2022 by 6.00 PM
5.	2022_ASCDC_784574_1	31/03/2022 by 4.00 PM

The tender document can be downloaded from https://www.mahatenders.gov.in

Sd/-
Chief Executive Officer
ASCDCL

बिज़नेस प्लस

एनएमआईएमएस ने चार ग्लोबल विवि के साथ एमओयू साइन किया

मुंबई | एसवीकेएम के नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस) डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी ने घोषणा की कि उसने शैक्षिक और अकादमिक के माध्यम से व्यवसाय और पेशेवर उत्कृष्टता में सुधार के लिए चार वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौता ज्ञापन बहुस्तरीय सामान्य लाभों के लिए शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देंगे।

वर्ना यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट (बुल्गारिया), द यूनिवर्सिटी ऑफ ज़ारागोज़ा (स्पेन), यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिबरल आर्ट्स (बांग्लादेश), और डैफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (बांग्लादेश) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एसवीकेएम के एनएमआईएमएस के कुलपति डॉ. रमेश भट ने कहा, "संघ भागीदारों की मदद से शुरू की गई सद्भाव परियोजना, प्रत्येक परियोजना देश में उच्च शिक्षा की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है।

वर्ना प्रबंधन विश्वविद्यालय, एसोसिएट प्रोफेसर टोडर राडेव ने कहा, "चूंकि वर्ना प्रबंधन विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीयकरण और शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के सिद्धांतों पर गहराई से प्रतिबद्ध है, हमें 200 से अधिक के सक्रिय अकादमिक भागीदारों के व्यापक और परिष्कृत नेटवर्क पर गर्व है।

प्राइवेट स्कूलों के सशक्तीकरण के लिए मिट्टस्योर टेक्नोलॉजी बना श्रेष्ठ प्लेटफॉर्म

Mittsure

जयपुर | मिट्टस्योर टेक्नोलॉजी ने कुछ ही वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति की एक नई धारा प्रवाहित कर दी है। मिट्टस्योर टेक्नोलॉजी जयपुर की एक प्रगतिशील कंपनी है, जो नर्सरी से कक्षा 8 तक की सभी पुस्तकें प्रकाशित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व उनके उत्थान के लिए हर प्रकार का योगदान दे रही है। इससे जुड़े सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को डिजिटल वीडियो उपलब्ध किए जाते हैं और विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक पैनिक बटन प्रदान किया जाता है जो आपातकालीन स्थिति में कारगर साबित होगा। विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए मिट्टस्योर स्कूलों में टेलेंट बॉक्स समेत अन्य सुविधाएं देता ह, साथ ही समय-समय पर शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी करता हैं। स्कूलों के प्रबंधन के लिए स्कूल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर मॉड्यूल (ईआरपी) की सुविधा भी दी जाती है। राजस्थान में 5000 से भी अधिक स्कूलों को अपने साथ जोड़ने के बाद मिट्टस्योर अब यूपी, उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र व गुजरात में भी बढ़ रहा है।

अत्याधुनिक तकनीक से जटिल सर्जरी कर दी नई जिंदगी

जयपुर | 28 वर्षीय सतीश (परिवर्तित नाम) के लिए उसका जीवन बिस्तर पर सिमट चुका था और दैनिक कार्यों के लिए भी वह पूरी तरह से दूसरों पर निर्भर था। इलाज के लिए उसे सब जगहों से जवाब मिल चुका था कि अब वह कभी बिस्तर से नहीं खड़ा हो पाएगा लेकिन शहर के डॉक्टरों ने ना केवल उसकी समस्या को ठीक किया बल्कि उसे जीने का नया मकसद भी दे दिया। शैल्बी हॉस्पिटल के सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. धीरज दुबे ने अत्याधुनिक तकनीक से मरीज के अविकसित हिप जॉइंट को दोबारा बनाया और जटिल रिप्लेसमेंट सर्जरी कर उसे वापस चलने योग्य बना दिया।

रजिस्टर्ड नं. 2781-L दि. 16.1.1974

श्री महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

क्रमांकः .... **सूचना** दिनांक 25.03.2022

समिति की वाटिका रोड स्थित श्याम वाटिका में भूखण्ड संख्या 13-ए क्षेत्रफल 306 वर्गगज का आवंटन जरिये हस्तान्तरण दिनांक 12.01.14 को हनुमान सहाय मीणा को किया था। भूखण्ड के मूल कागजात आवंटी की पत्नी सोमा देवी से गुम होने से थाना साईबर क्राईम जयपुर में रिपोर्ट क्रमांक एल.आर. 118860/21 दर्ज करा डुप्लीकेट कागजात हेतु आवेदन किया है। इस बाबत किसी भी दीगर व्यक्ति/फाईनेन्सर को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के भीतर मय सबूत पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद आवेदक को डुप्लीकेट कागजात जारी कर दिये जाने के साथ पूर्व में जारी मूल आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान स्वतः निरस्त हो जायेंगे जिसके लिए भविष्य में समिति उत्तरदायी नहीं रहेगी। **जरिये मंत्री। पता बी-19, सैन कॉलोनी, स्टेशन रोड जयपुर-6**

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक:LU2012/JDA/2021-22/101512 **लोक सूचना** दि:22.3.2022

श्री प्रहलाद वर्मा पुत्र श्री बाबूलाल बुनकर जाति बलाई निवासी बलाई की ढाणी जिलोई, तहसील आमेर, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्यि (पैट्रोल पंप) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात:

ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हेक्टे)
जिलोई, आमेर (जयपुर)	प्रहलाद पुत्र बाबूलाल	473/42	0.1200
		483/39	0.0050
		कुल किता 2	0.1250 हेक्टयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क ओर राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने ओर अभिधृतिअधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉगिनकर 90-A for Development Authority (UDH) आइकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोडकर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर ओर मुहर के अधीन आज दि. 22.3.2022 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बगरू (जयपुर)

क्रमांक :-न.पा.ब/21/8980 दिनांकः- 25/03/2022

आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में स्टेट ग्राण्ट/69 A एक्ट के पट्टे हेतु निम्नानुसार पत्रावलियां प्रार्थना पत्र मय मानचित्र निस्तारण हेतु विचाराधीन है :-

क्र. सं.	नाम	पता	क्षेत्रफल (वर्गमीटर/ गज)
1	श्री कन्हैयालाल खटीक पुत्र कल्याण सहाय खटीक	खटीको का मौहल्ला, बगरू	95.55
2	श्री कल्याण सहाय खटीक पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण खटीक	खटीको का मौहल्ला, बगरू	278.59
3	श्री रामेश्वर शर्मा पुत्र स्व. श्री रोडूराम	कैरिया का बास, बगरू	265.95
4	श्रीमति ग्यारसी देवी पत्नि रामेश्वर लाल	कैरिया का बास, बगरू	184.68
5	श्रीमति सीमा देवी पत्नि रामशरण छीपा	नाडी का मौहल्ला, बगरू	85.00
6	श्रीमति आशा छीपा पत्नि हनुमान सहाय	गणेश चौक छीपो का मौहल्ला, बगरू	200.43
7	श्री कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति	कुम्हारो का मौहल्ला, बगरू	371.57
8	श्री कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति	कुम्हारो का मौहल्ला , बगरू	296.71
9	श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र गंगाराम यादव	अहीरो का मौहल्ला, बगरू	88.13
10	श्री रामगोपाल अहीर पुत्र गंगाराम	अहीरो का मौहल्ला, बगरू	88.13
11	श्री कालूराम मीणा पुत्र गोपीराम मीणा	मीणों की ढाणी, बडी का खेडा, बगरू	
12	श्रीमति धापू देवी पत्नि नानूराम	रैगरों का मौहल्ला, बगरू	51.37
13	श्री खलील मोहम्मद पुत्र जुम्मा	फकीरो का मौहल्ला, बगरू	66.76
14	श्री ब्रज मोहन पुत्र हनुमान	अहीरो का मौहल्ला, बगरू	88.13
15	श्रीमति सलमा पत्नि बाबू	बागवानो का मौहल्ला , बगरू	31.60
16	श्री सुल्तान खान पुत्र जुम्मा खान	फकीरो का मौहल्ला, बगरू	66.76
17	श्रीमति लाली देवी पत्नि स्व. श्री रामफुल	मीणों की ढाणी, बडी का खेडा, बगरू	
18	श्री सुरेश कुमार चौधरी पुत्र कानाराम चौधरी	खातीयो का मौहल्ला . बगरू	155.00
19	श्री प्रवीण पुत्र रामजी लाल खटीक	खटीको का मौहल्ला , बगरू	60.22
20	श्रीमति मनभर देवी पत्नि रामलाल खटीक	खटीको का मौहल्ला , बगरू	40.00
21	श्रीमति कन्या देवी पत्नि नोरतन हरिजन	हरिजनों का मौहल्ला , बगरू	179.16
22	श्री बुद्धि हरिजन पुत्र रामू हरिजन, विक्की पुत्र नोरतन	हरिजनों का मौहल्ला , बगरू	39.03
23	श्रीमति गुलाब देवी पत्नि भगवान सहाय स्वामी	स्वामियों की ढाणी, बगरू	296.11
24	श्री तोफीक कुरेशी पुत्र मुंशी	फकीरो का मौहल्ला, बगरू	192.96
25	श्री कयूम पुत्र स्व. श्री मजीद	फकीरो का मौहल्ला, बगरू	79.67
26	श्री अमजद कुरेशी पुत्र रजाक कुरेशी	खातियो का मौहल्ला, बगरू	151.51
27	श्रीमति लाली देवी पत्नि मदन लाल	अहीरो का मौहल्ला, बगरू	116.46
28	श्री बद्रीनारायण प्रजापत पुत्र पोखरमल प्रजापत	गंगा माता मन्दिर, बगरू	

उक्त भूमि के स्टेटग्रांट/69 । एक्ट के पट्टे जारी करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जाएगी। उक्त सूचना दिनांक 25.03.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर द्वारा प्रसारित की गई।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, बगरू